# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–24 जुलाई 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने गोरखपुर महानगर के असुरन चौक स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकनायक जय प्रकाश नारायण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी थे। उन्होंने भारत और भारतीयता के लिए तथा उन जीवन मूल्यों के लिए अपना जीवन आगे बढ़ाया था जिस पर भारत की मजबूत नींव टिकी हुई है।

मुख्यमंत्री ने छब्बीसवीं वाहिनी पीएसी परिसर में ग्यारह मंजिला बैरक टॉवर का लोकार्पण भी किया। इससे पहले, गोरखपुर और बस्ती मंडल के जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के एनेक्सी भवन सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने दोनों मंडलों की सभी सड़क निर्माण परियोजनाओं और प्रस्तावों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर सड़कों का निर्माण तेजी से किया जाए। उन्होंने धर्मस्थलों पर पर्यटन विकास को रोड कनेक्टिविटी से भी जोड़ने पर विशेष जोर दिया और कहा कि नगरीय क्षेत्र की सड़कों का विकास सीएम ग्रिड योजना की तहत होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण के लिए आपदा राहत निधि का भी उपयोग कर सकते हैं।

**********

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कर करीब दो सौ लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि सरकार किसी के साथ अन्याय नही होने देगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया की वह पीडितों के साथ संवेदनशीलता से पेश आएं।

**********

बिहार मतदाता सूची संशोधन और अन्य मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण संसद में लगातार चौथे दिन भी गतिरोध जारी रहा। हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम विरला ने आज सुबह विपक्ष से प्रश्नकाल शुरू करने में सहयोग की अपील की। उन्होंने सदन में व्यवधान डालने और तख्तियां दिखाने पर चिंता व्यक्त की तथा विपक्षी सदस्यों से अपनी सीट पर वापस जाने का आग्रह भी किया।

***पुनरू आपसे आग्रह करता हूं कि लोगों की अपेक्षा, आकांक्षा उठाने के लिए तखतियां लेकर मेजें तोड़ने के लिए नहीं भेजा है। आप अपने–अपने आसन पर जाएं। प्रश्नकाल के बाद नियमों के तहत आपको हर मुद्दे विषय पर बोलने दिया जाएगा।***

**********

प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के विलय मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्डपीठ ने सीतापुर के स्कूलों के विलय पर आज यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश अरूण भंसाली की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने विशेष अपील पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया है। न्यायालय ने इक्कीस अगस्त को मामले की सुनवाई की अगली तारीख तय की है।

**********

प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह आज अयोध्या पहुंचे। प्रभु श्रीरामलला का दर्शन पूजन करने के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में बाढ़ के मामले में स्थिति अभी सामान्य है।

***उत्तर प्रदेश में इस समय हमारे सामने चुनौती रहती थी बाढ़, लेकिन पिछले साल तो जुलाई के महीने में भयंकर बाढ़ आ गयी। इस बार शान्ति है बाढ़ अभी कहीं ऐसे स्थानों पे नही है लोकल बरसात के कारण चित्रकूट में मंदाकिनी में कुछ घंटो के लिए बाढ़ आया था आठ–दस घंटे के लिए पानी आया था फिर उसके बाद नुकसान करते हुए निकल गया था।***

जलशक्ति मंत्री ने बताया कि प्रदेश में इस समय विभाग की तीन सौ अड़तालीस परियोजनाएं चल रही हैं। इनमें से करीब दो सौ पचास परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और शेष पूरी होने वाली हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगामी सत्ताइस जुलाई को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा।

**********

अयोध्या में प्राचीन मणि पर्वत मेला और सावन के तीसरे सोमवार को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या सत्ताइस पर होने वाला रूट डायवर्जन केवल भारी वाहनों पर लागू होगा। अयोध्या के एसपी ट्रैफिक ने बताया कि छोटे वाहनों को रूट डायवर्जन के प्रभाव से मुक्त रखा गया है। अयोध्या का प्राचीन मणि पर्वत मेला अगामी उन्तीस जुलाई से शुरू हो रहा है जो सावन के अन्तिम दिन पूर्णिमा को समाप्त होगा।

**********

प्रदेश के पूर्वी हिस्से में उमस भरी भीषण गर्मी के बीच मौसम विज्ञान विभाग ने आज से लेकर छब्बीस जुलाई तक कहीं कहीं भारी बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी कल से अट्ठाईस जुलाई तक कहीं कहीं भारी बारिश और बिजली गिरने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है।

**********